Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-01-2022 | अंक 120

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## प्रदान संस्था एवं शेयर एन्ड केयर के वितीय सहयोग से गौरियाकर्मा एवं चम्पाडीह में बनाया गया है संसाधन युक्त कोविड केयर

### सीओ एवम डीएस ने निरीक्षण कर लिया जायजा, प्रदान की कार्य प्रणाली की सराहना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोविड केयर सेंटर का जायजा लेते बीडीओ एवं डीएस



बरही एवं पदमा में सामा. जिक कार्यों से जुड़कर प्रदान अपनी अलग पहचान बना रहा है। स्वयं सेवी संस्था प्रदान कोरोनाकाल में भी अपनी दायित्वों का निर्वाहन करता रहा है। कोरोना के तीसरी लहर को देखते हुए प्रदान संस्था के कार्यकर्ता सह प्रभारी धीरज कुमार महतो के निर्देशन में स्थानीय प्रशासन, अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर संसाधन युक्त दो कोविड केयर सेंटर बनाया गया है। इसमे एक पीएचसी गौरियाकर्मा एवं दूसरा उप स्वास्थ्य केंद्र चम्पाडीह शामिल है। दोनो सेंटर पर प्रदान के द्वारा 20-20 बेड की व्यवस्था की गई है। प्रदान के प्रभारी धीरज कुमार महतो ने बताया कि शेयर एन्ड केयर संस्था के वितीय सहयोग से दोनो कोविड केयर सेंटर को संसधान युक्त बनाया गया है। जहां सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बुधवार को बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि गोरियाकर्मा के स्वास्थ्य उपकेंद्र में प्रदान संस्था के द्वारा 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के साथ अन्य सामग्री दी गई। पूर्व में 20 आक्सीजन कंसंट्रेटर और बेड लगा कर स्वास्थ्य उपकेंद्र को कोरोना को देखते हुए तैयार किया जा चुका है । स्वास्थ्य उपकेंद्र में सोलर पैनल भी श्यामा प्रसाद रुरल अर्बन मिशन के द्वारा लगाया गया है , जिससे हर समय बिजली की सुविधा उपलब्ध है। फिलहाल हमारी पूरी टीम कोविड के तीसरी लहर से निबटने के लिए तैयार है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि प्रदान संस्था के द्वारा कोरोनाकाल में काफी सहयोग किया गया है। यह संस्थान इंसानियत एवं मानवता धर्म को अपनाकर कर कोरोना मरीजो की सेवा में तत्पर दिख रही है। इसके साथ ही शत प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन में इनके द्वारा काफी सहयोग किया जा रहा है। धीरज महतो के साथ संदीप पटनायक भी काफी सहयोग कर रहे हैं। मौके पर बीपीएम नारायण राम, विनय कुमार सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एनपीए बकायेदार पर बैंक ने की कार्यवाही समय पर ऋण भूगतान करने की अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा बकायेदारों के खिलाफ सरफेसी कानून के तहत कारवाई करते हुए हजारीबाग जिला के बरही प्रखण्ड अंन्तर्गत बरही ग्राम के निवासी श्री जितेन्द्र प्रसाद केसरी पिता सुरेन्द्र प्रसाद केसरी के घर को सां. केतिक कब्जा मे लिया है प बैंक द्वारा चूककर्ता बकायेदारों को लगातार ऋण की राशि जमा करने का आग्रह किया गया है, परन्तु प्रयाप्त समय देने के बा. वजूद भी उनके द्वारा ऋण की राशि को जमा नही किया गया । ऋण समय पर भूगतान नहीं किये जाने के कारण इनका ऋण खाता एन पीए में परिवर्तित हो जाने के कारण सरफेसी कानून के तहत श्री केसरी के घर को सांकेतिक कब्जे मे लिया गया है प ऐसे ही ऋण चूककर्ताओं के कारण बैंक प्रभावित होता है । जिन लोगों का खाता एन पी ए हो चुका है अतिशीघ्र बैंक से लिया गया ऋण राशि तय समय सीमा में जमा करें । प बैंक के द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही पहले भी की गयी है। मौके पर बरही शाखा के प्रबंधक श्री मनीष भारती के साथ क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीकांत कटारे एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

APEM LIVE

## वैक्सीनेशन को लेकर बीडीओ एवं डीएस ने की सभी हाई स्कूल प्रधानाध्यक के साथ बैठक

### 15 से 18 वर्ष के बच्चों को कोविड वैक्सीनेशन को लेकर बनी रणनीति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हाई स्कूल प्रधानाध्यक के साथ बैठक करते बीडीओ एवं डीएस

बरही में 15 से 18 वर्ष के बीच के बच्चो को को. विड वैक्सीनेशन को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्कूल संचाल. कों की बैठक हुई। इस बैठक में सभी हाई स्कूल एवं प्राइवेट स्कूल के प्रधानाध्यक मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं संचालन डीएस डॉ० प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में बीडीओ ने सभी हाई स्कूल के प्रधानाध्यक से 15 से 18 वर्ष के बीच के बच्चों की संख्या की जानकारी प्राप्त की। सीओ सह बीडीओ ने बताया कि 26 जनवरी तक शत प्रतिशत बच्चो को कोवीड वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया। इस लिए सभी को इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए रणनीति बनाने की जरूरत है। मौके पर सभी को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि कोरोना से बचाव में कोविड वैक्सीन सुरक्षा कवच का काम करेगा। इसलिए प्रत्येक विद्यालय में अध्यन्नरत विद्यार्थियों को कोविड वै. क्सीन लगाना है। इसके लिए बच्चो को प्रेरित करना है। वैक्सीन की उपलब्धता में कोई कमी नही है। वै. क्सीनेशन कैम्प लगाकर सभी बच्चों को वैक्सीन दी जाएगी। बैठक में सभी हाई स्कूलों के प्रधानाध्यक, के साथ साथ बाल विकास पदाधिकारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सूर्य नमस्कार शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अति आवश्यक है : प्राचार्य

### डीएवी स्कूल बरही में दो दिवसीय सूर्य नमस्कार का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




सूर्य नमस्कार करते डीएवी स्कूल के शिक्षकगण

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल बरही मे पूरे उत्साह के साथ किया गया। सीबीएसई के द्वारा निर्देशित और संचालित सभी विद्यालयों में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी बच्चों और शिक्षकों के बीच योग के महत्व को स्थापित करना है। विद्यालय में दो दिवसीय योग कार्यक्रम में विद्यालय के खेल शिक्षक रविंद्र कुमार पांडेय, राजेश कुमार सिंह और योग शिक्षक राजेश कुमार के द्वारा सभी बच्चों को ऑनलाइन तथा शिक्षकों को ऑफलाइन सूर्य नमस्कार , कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी , ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन जैसे विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास करवाया गया। साथ ही साथ इन आसनों के द्वारा होने वाले फायदों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि योग हमारे शरीर को अंदरूनी शक्ति प्रदान करता है। साथ ही साथ हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास करता है। वर्तमान के इस कोरोनावायरस के दौर में योग सभी को इस महामारी से दूर रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । उन्होंने बच्चों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों से आग्रह किया कि वे योग को अपने जीवन में आत्मसात कर ले ,क्योंकि योग के द्वारा हम अपने शरीर को स्वस्थ तथा मस्तिष्क को सक्रिय रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिन में आधे घंटे का योग सुबह शाम करने से हम तंदुरुस्त तो रहेंगे साथ ही साथ किसी भी प्रकार की बीमारी को भी अपने से दूर रख पाएंगे। कोरोना महामारी को देखते हुए पूरा कार्यक्रम बच्चों के लिए ऑनलाइन संपन्न हुआ। प्राचार्य महोदय ने कहा कि योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को उसके आत्मा से जोड़ता है ।यह हमारे भीतर नकारात्मकता के भाव को दूर कर सकारात्मकता का भाव भरता है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति का स्रोत भी है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई है ।वर्तमान हालात को देखें तो जिनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है उन्हें ही कोरोना अपना शिकार बनाता है। इसलिए योग हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर हमें निरोगी रखने में सहायक है। प्राचार्य महोदय ने सबों को यह शपथ दिलवाई कि वे अपने जीवन में योग को शामिल करेंगे तथा दूसरों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रिकल्स दुकान में लगी आग, समान जलकर राख

### पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने लिया घटना स्थल का जायजा, क्षति पूर्ति का आश्वासन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रभावित परिवार से मिलते पूर्व विधायक मनोज यादव

करियातपुर चौक स्थित संजय इलेक्ट्रिकल्स दुकान में बीते रात लगभग 9:00 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। दुकान के मालिक संजय केसरी पिता वासुदेव प्रसाद केसरी ने बताया कि दुकान बंद करने के बाद रात्रि 9ॉ00 बजे जब लाइन आया तो शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गया। उनके द्वारा दमकल व थाने को सूचना दी गई । परंतु दमकल गाड़ी विलंब से पहुंचने के कारण पूरा दुकान आग के लपेटे से जल गया । घटना की सूचना पाकर शुक्रवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सरकारी मदद के लिए आश्वासन दिया मौके पर भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, पवन केसरी, नरेश केसरी, वासुदेव साव, सुरेश केसरी, बाबूलाल यादव, महादेव पासवान, केदार राणा, इदरीश अंसारी, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## विजैया एवं डपोक में शॉर्ट सर्किट कर बिजलीं गुल के बाद दी जा रही है चोरी की घटना को अंजाम





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव गुड़ियों विजैया, डपोक, भंडारो में 11000 वोल्ट का तार से शॉर्ट सर्किट कर कर पहले बिजलीं गुल करना फिर चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। जीप प्रतिनिधि बरही पूर्वी मो कैयूम अंसारी ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में चोरों द्वारा 11000वोल्ट तार को आपस में मिलाकर शार्ट सर्किट कर पिछले 15 दिनों से चोरी का अंजाम दिया जा रहा था।बीती रात को भी चोरो द्वारा चोरी का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन जन प्रतिनिधियों के नेतृत्व में हुई रतजगगा एवं ग्रामीणों की तत्परता से चोरों का प्रयास असफल रहा। जिप सदस्य प्रतिनिधि ने प्रशासन से मांग किया कि उक्त क्षेत्र में पुलिस गश्ती दल को भेजा जाए, ताकि पुनः चोरों द्वारा चोरी की घटना नही हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि विजैया को जल्द ओपी बनाया जाय।

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए समाजसेवी संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के चारमइल निवासी महावीर यादव का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार महावीर यादव काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। इस बात की जानकारी मिलते ही समाजसेवी संजय यादव उनके परिजनों से मिलकर उनका ढाँढस बंधाया। साथ ही उन्होंने बताया कि महावीर यादव हमेशा सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा ततपर रहते थे मैं इनका निधन से काफी दुःखी हुँ। उनका निधन से खोड़ाहर पंचायत को काफी क्षति पहुँची है । उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को उनके पैतृक गांव में किया गया। मौके पर बरही मध्य के जिला परिषद के भावी उम्मीदवार संजय यादव, प्रधान खिरोधर यादव, समाजसेवी परमेश्वर यादव, समाजसेवी रोहित यादव, सुभाष यादव, पिंटू यादव, मंटू, रामप्रवेश, महादेव यादव, आशीष यादव संजय यादव, केशो यादव, लालधारी यादव, गिरधारी यादव, गंगू यादव, शिवचरण पासवान, बुधन यादव, रामेश्वर यादव, बहादुर यादव, प्रयाग यादव, प्रकाश यादव, महेंद्र ठाकुर समेत गांव के कई लोग शामिल थे।

## अखिल भारतीय नौजवान संघ चंदवारा प्रखंड इकाई की बैठक सम्पन्न

### मरकच्चो थाना प्रभारी को अभिलंब हटाने की मांग

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**




चंदवारा के कांको में बैठक करते अखिल भारतीय नौजवान संघ के सदस्य

अखिल भारतीय नौजवान संघ चंदवारा प्रखंड इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव की अध्यक्षता में ग्राम कांको पंचायत भवन परिसर में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष अर्जुन यादव ने कहा कि पूरे देश में नौजवान छाले जा रहे हैं, सरकारी उपक्रम निजीकरण हो रहा है। जिससे नौजवानों में आक्रोश बढ़ रहा है। सरकारी नौकरियां सिमट रही है। भगत सिंह के देश में यहां के लोग आठ हजार रुपए प्रति माह में 12 घंटा काम कर रहा है। इतने में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नौकरी का झांसा देकर सत्ता पाते हैं और सत्ता पाकर नौजवानों को भूल जाते हैं। उन्होंने नौजवानों को संगठित होकर अपना रोजगार के लिए संघर्ष करने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ वाला देश में युवतियां बलात्कार का शिकार हो रही है। मरकच्चो प्रखंड के ग्राम चोपनाडीह के एक दलित युवती बलात्कार की शिकार हुई। जिसमें पीड़िता को मरकच्चो थाना में तीन दिन तक इसलिए रखा गया ताकि समझौता कराके बलात्कारी को बचाया जा सके। तीन दिन तक पीड़िता को रखना कानूनन दृष्टिकोण से उचित नहीं है। नौजवान संघ कोडरमा पुलिस अधीक्षक से मरकच्चो थाना प्रभारी को अविलंब निलंबित करने की मांग करता है। श्री रजक ने कहा कि कोड. रमा जिला में हजारों युवक आधा अधूरा रोजगार पाकर अपने बाल बच्चों का पालन पोषण कर रहा है। उन नौजवानों के साथ छल किया जा रहा है। राज्य सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने नौजवानों को नौ. करी देने का बात किया था। जो आज तक नौजवानों को नौकरी नहीं मिली। जिससे नौजवानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि बिना संगठन के नौजवानों को हक नहीं मिल सकता है। नौजवानों का संगठन मजबूत करने के लिए फरवरी के अंतिम सप्ताह में नौजवानों का जिला सम्मेलन किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता एवं रोजगार हेतु नौजवानों का आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए उप प्रमुख विरेंद्र यादव ने कहा कि बांझेडीह पावर प्लांट में नौजवानों के साथ छल किया जा रहा है। बाहरी मजदूरों से काम लिया जा रहा है। विस्थापित नौजवानों का हक मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र प्लांट में नौजवानों का आंदोलन होगा। बैठक में नौजवान संघ का 21 सदस्यों का प्रखंड कमेटी गठन किया गया। जिसमें बहादुर कुशवाहा को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। प्रखंड कमेटी में मुख्य रूप से विनीत कुमार, दिलावर रविदास, अजय रविदास, दिनेश कुमार रजक, सनी रविदास, वरुण कुमार, अजय कुमार दास आदि को रखा गया है। जयनगर प्रखंड का नौजवानों की बैठक 24 जनवरी को हिरोडीह में होगी। जिसमें प्रखंड कमेटी का गठन होगा। इस मौके पर हीरामन रजक, कैलाश रजक, सुरेंद्र पासवान, सिकंदर कुमार, विश्वनाथ दास, शांति देवी, बसमतिया देवी, सच्चिदानंद पांडेय, रामचंद्र यादव, दशरथ पा. सवान, रंजीत भारती, सुरेश साव, उदय भारती, कैलाश दास, सुभाष राणा, सुभाष रजक, किशोर कुमार चौधरी, संतोष शर्मा, मदन राम, भोला दास, विनोद पासवान, अरविंद रजक आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र पा. सवान ने किया।

## लापता युवक की माता ने सतगावां थाना के गेट के सामने दिया धरना

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



सतगावां थाना क्षेत्र के सिहास में पिछले 9 दिन पूर्व हुई युवक गुमशुदगी को लेकर गुरुवार को गुमशुदा युवक की माता सातों देवी ने सतगावां थाना गेट के समीप धरना पर बैठ गई। इस दौरान उन्होंने मीडिया को बताई कि पिछले 9 दिनों से उनका पुत्र नीतीश कुमार लापता है। जिसका उन्होंने लिखित शिकायत सतगावां थाना को दी थी। लेकिन अब तक उनके पुत्र का कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा दिये गए आवेदन को बदल कर मेरे पति से सतगावां थाना प्रभारी नीतीश कुमार व एसआई चंद्रदेव सिंह के द्वारा जबरदस्ती डरा धमक. ाकर मेरे पति से अंगूठा लगवा लिया और जब भी हम थाना प्रभारी व एसआई से अपने खोए हुए पुत्र के बारे में पूछताछ करते हैं तो उनलोग कहते हैं कि मिल जाएगा। लेकिन 9 दिन बीतने के बाद भी मेरा पुत्र घर वापस नहीं लौटा। उन्होंने कहा कि उन्हें संदेह है कि उनके पुत्र की हत्या कर दी गई है और साक्ष्य छुपाने के लिए अभियुक्त पुलिस से मिला हुआ है। इसीलिए आजतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में हम गरीब जनता का विश्वास पुलिस प्रशासन पर से उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर उनके पुत्र को पुलिस प्रशासन के द्वारा सकुशल बरामद नहीं किया गया तो इसके लिये स्थानीय पुलिस भी दोषी होंगे। उन्होंने कहा कि जबतक उनका पुत्र नहीं मिल जाता है तब तक वो धरने पर बैठी रहेगी।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी संजय यादव ने खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट किट का किया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही मध्य के भावी जिला परिषद उम्मीदवार संजय यादव ने कोल्हुअकला पंचायत के करगाइयों में संजय यादव ने इंडियन आर्मी क्रिकेट टीम के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। क्रिकेट किट वितरण के दौरान केदार यादव, मनोज यादव, पवन यादव, प्रभु यादव एवं प्रकाश यादव मौजूद रहे। साथ ही समाजसेवी संजय यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में भी कई प्रतिभा छिपे हुए है। बस उसे निखारने की जरूरत है। खेल को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर खिलाड़ी राजु, राधेश्याम यादव, लालू यादव, संदीप यादव, सुनील यादव, रमाशंकर यादव, सुनील यादव, रोहित यादव, पवन यादव, अनुज यादव, राहुल यादव, प्रकाश यादव, नीतीश, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, बालकिशन यादव, सुमित एवं सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## रालो मे सत्य विकाश उद्योग फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट का हुआ उदघाटन

### लघु उद्योग ही भारत को बनाएगा आत्मनिर्भर भारत : रंजीत चन्द्रवंशी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड अन्तर्गत खोड़आहार पंचायत के रालो मे मंगलवार को फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट शुभारंभ हुआ। फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी, बरही विस् युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव और भावी मुखिया प्रत्याशी कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। सत्य विकाश उद्योग फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट के डायरेक्टर विकाश यादव ने कहा कि प्लांट चालू होने से ईट, स्ट्रीट पेवर ब्ल०क, टाइल्स, बाउंडरी वाल एवं सीमेंट आर्टिकल अच्छी गुणवत्ता का बनाया जाएगा और इस प्रकार के प्रोडक्ट में लोगो की गलत मानसिकता को दूर कर जागरूक करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार फ्लाई ऐश ब्रिक्स का प्रचलन बढ़ा है। मिट्टी के इंट के बजाए इस ब्रिक्स का उपयोग ज्यादा लाभदायक, ज्यादा मजबूती और समय की बचत भी है। उन्होंने कहा कि हमारा फ्लाई ऐश ब्रिक्स और प्लांट के तुलना में ज्यादा मजबूत और बेहतर होगा। नए पद्धति और नए तरीके से कार्य होगा। वहीं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि सत्य विकाश उद्योग फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट आस-पास के जरूरतों को पूरा करेगा। कंपनी के विकास यादव अपने कुशल अनुभव से बेहतर कार्य और ठोस ब्रिक्स तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के लघु उद्योग से युवा आत्म. निर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे लघु उद्योग से ही भारत आत्म. निर्भर भारत बनेगा। इससे पहले सत्य विकास उद्योग फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट के डायरेक्टर विकाश यादव के माता ने प्लांट के समक्ष पूजा किया। उपस्थित अतिथियों का फूल माला के साथ स्वागत किया गया। मौके पर कंपनी के बोर्ड अ०फ डायरेक्टर सतेंद्र कुमार एवं कंचन कुमारी, यादव सेना जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, समाजसेवी अनुज सिंह, प्यरेलाल यादव, बिरेन्द्र यादव, बाली सिंह, दिनेश यादव, केवल सिंह , कैलाश यादव, सकालदेव यादव, रमेशवर रविदाश, प्रकाश पासवान, कारू पासवान, रामेशवर यादव, बैजनाथ यादव एव पंचायत के सैकड़ो लोग उपस्तिथ रहे।

## मारपीट में हुई महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत डपोक पंचायत के डुमरियाडीह निवासी शाहिदा खातुन उम्र 50 वर्ष पति समसुद्दीन अंसारी एवं अपनी सौतन से मारपीट मारपीट में घायल गई। प्राप्त जानकारी पीड़ित महिला अपने पति से अलग रह रही थी। लेकिन कुछ घरेलू विवाद में पति और सौतन पर मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित महिला का बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का भाजपाईयों ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अन्नपूर्णा देवी का स्वागत करते भाजपाई

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह भारतीय जनता पार्टीं की राष्टीय उपाध्यक्षा एवं कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी का आगमण बरही एन एच के सर्किट हाउस मे आगमन हुआ। जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव के नेतृव में बुके देकर उनका स्वागत किया गया। एन एच गेस्ट आफिस में बरही के विकास पर चर्चा हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बरही सहित झारखण्ड के विकास के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। बरही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के निर्देशन में बरही विधान सभा के विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। किशुन यादव ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री से बरही के विकास को लेकर चर्चा हुई। मौके पर रमेश ठाकुए, राज. कुमार यादव, अशोक यादव, युगल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**


निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

## झारखंड निजी विद्यालय संघ इकाई गिरीडीह की बैठक हुई

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



झारखंड निजी विद्यालय संघ इकाई गिरीडीह की एक बैठक सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय,राजपुरा, पचम्बा में हुई ।जिसमें संघ के सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य सामिल हुए और विद्यालय स्तर का गहन विचार –विमर्श किया गया। संघ के अध्यक्ष सहदेव महतो कहते है कि लगातार हमलोग का विद्यालय कोरोना काल मे लगभग 3 साल बंद है जिससे हमारी रोजी रोटी चलाना मुश्किल हो रही है ।कोई भी विधायक या सांसद हमारी सुध भी नही ले रही है ।की हम मरे है या बचे है कब तक हम निजी विद्यालय ये सब बर्दाश्त करें ।हमलोग सरकार के साथ कदम पर कदम मिला कर चल रहे है। वही संघ के संरक्षक अजित मिश्रा कहते है कि अब हम निजी विद्यालय नही सहने वाले ।हर समय सरकार निजी विद्यालय को बंद करना चाहती है,ये हेमन्त सोरेन की सरकार किसी को पढ़ने नही देना चाहती है सभी को अनपढ़ रखना चाहती है ।हर समय निजी विद्यालयों को परेशान किया जाता है। आज किसी भी सरकारी विद्यालय में बच्चे अच्छा करते है तो वह निजी विद्यालयों की देन है। मगर अब हमलोग ये नही सहने वाले ।आगे हमलोग एक उग्र आंदोलन करेंगे। मोके पर संरक्षक अजित मिश्रा, गिरीडीह प्रखंड के अध्यक्ष सहदेव महतो,प्रखंड सचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष प्रयाग महतो, राम वर्मा, परमेस्वर वर्मा, परमेश्वर महतो उपस्तिथ रहे।




## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की पहल पर टीका महोत्सव का हुआ शुभारंभ

### सुदूरवर्ती क्षेत्रों में टीकाकरण के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**






कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा पंद्रह से अठारह साल तक के बच्चों एवं युवाओं के वैक्सिनेशन हेतू विशेष अभियान की शुरुआत की गई। गावां एवं तिसरी के लिए वैक्सिनेशन जागरूकता रथ को प्रखण्ड विकास पदाधिक. ारी संतोष प्रजापति, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड०क्टर चंद्रमोहन प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक गोविंद खनाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के माध्यम से पहले एवं दूसरे डोज से वंचित लोगों को भी वैकि. सनेशन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार प्रजापति ने बताया कि बाल अधिकारों की सुरक्षा के साथ – साथ दोनो प्रखंडों में वैक्सिनेशन को लेकर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन का काम सराहनीय है। कोविड जागरूकता रथ के माध्यम से वैक्सिनेशन से छूटे हुए लोगों को लाभ होगा और 15 से 18 साल तक के उम्र के बच्चों का शत प्रतिशत वैक्सिनेशन सु. निश्चित होगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चन्द्रमोहन प्रसाद ने कहा कि वैक्सिनेशन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की टीम का हमें भरपूर सहयोग मिल रहा है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक गोविंद खनाल ने कहा कि संगठन द्वारा कोड. रमा, नवादा एवं गिरीडीह में वैक्सिनेशन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, आज उसी कड़ी में गावां मुख्यालय से दोनों प्रखंडों हेतू कोविड जागरूकता रथ रवाना किया जा रहा है। दोनों प्रखंडों में यह अभियान एक सप्ताह तक चलाया जाएगा। आज पहले दिन कुल 162 बच्चों एवं बड़े लोगों को वैक्सीन दी गई। इस जागरुकता अभियान में फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं समेत दर्जनों कर्मियों एवं लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

## सीएचसी गावां के सेवानिवृत कर्मी की निधन पर अस्पताल परिषर में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां के सेवानिवृत्त कर्मी ब्रजकिशोर के निधन पर गुरुवार को अस्पताल परिषर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर उप. स्थित ड० काज़िम खान ने कहा कि ब्रजकिशोर जी बहुत ही नेक, सभ्य और मेहनती व्यक्ति थे। उनके कार्यकुशलता को देखते हुए विभाग ने उन्हें प्रधान लिपिक का कार्य भी सौंप दिया था जिसका निर्वाहन उन्होंने सफलतापूर्वक किया। मौके पर डॉ० काज़िम खान, बीपीएम प्रमोद बरनवाल, मो इल्यास, रंजन कुमार, पंकज सिंह, काली किंकर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## प्लस टू उच्य विद्यालय भरकट्टा के समीप बैठक संपन्न

अपेम लाइव
बिरनी /गिरिडीह
सब्बा अहमद




बिरनी प्रखंड के भरकट्टा प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप भाजपा भरकट्टा मंडल का एक बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संचालन भा. जपा भरकट्टा मंडल महामंत्री राजेंद्र राम ने किया उक्त बैठक में भरकट्टा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 14 पंचायत के प्रभारी के द्वारा बूथ स्तरीय 21 सदस्य का बूथ कमेटी का निर्माण करने एवं पंचायत पदाधिकारी एवं प्रभारी को दायित्व दिया गया इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह प्रमुख प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, मनोज चंद्रवंशी,सुरेंद्र यादव, रंजीत राय, विशेश्वर साव,राम लखन वर्मा, सतेन्द्र राउत, भाजयुमो पूर्व जिला महामंत्री विक्रम तर्वे, युवा मोर्चा महामंत्री प्रवीण प्रभाकर, आजाद तुरी,बा. बूलाल महतो, तारकेश्वर मंडल,विनोद यादव,अशोक यादव, रामधनी वर्मा, अभिषेक तर्वे, दुलारचंद महतो,जयदेव प्रसाद यादव,निरंजन कुमार,मुंशी यादव,मनोहर कुमार, मेहन्द्र यादव,विजय राम के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

## विद्यार्थियों अपना पढ़ाई जारी रखें। लेकिन जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे जरूर आए : रंजीत बैठा

अपेम लाइव
बिरनी /गिरिडीह
सब्बा अहमद



बिरनी माले पार्टी कार्यालय में बिरनी प्रखंड स्तरीय आइसा का एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से झारखंड आ. ईसा राज्य सचिव त्रिलोक. ीनाथ राष्ट्रीय परिषद सदस्य विभा पुष्पा अमन पांडेय एवं बिरनी से राष्ट्रीय परिषद सदस्य रंजीत बैठा उपस्थित थे। मीटिंग के उपरांत प्रखंड कमेटी के विस्तार हेतु प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें विशेष कुमार को प्रखंड संयोजक(अध्यक्ष) सव. सम्मति से बनाए गए। साथ हीं 15 सदस्यीय लोगों को कमेटी में शामिल किया गया।साथ ही सम्मेलन को संबोधित करते हुए आइसा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रंजीत बैठा ने कहा कि विद्यार्थी जरूरतमंदों का सहयोग करें जैसे वृद्धा पेंशन में सहयोग करे। विधवा पेंशन लेने लायक वालों का दिलवाने में सहयोग करे विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति किसी का न छूटे इसका मूल्यांकन कर सबको मिले इसके लिए सहयोग करे मिलने वाले चावल कम न मिले इसका सही वजन सही टाइम और सभी को मिले पदाधिकारियों के मिल. ीभगत के बंदरबांट न हो जाय इसे रोकने में सहयोग करें मुश्किल वक्त में दवाई अस्पतालों से मिले इसमें सहयोग करें। सरकारी राशन दुकान से मिलने वाला राशन सभी को सही वजन और सभी माह का मिले इसमें सहयोग करें। सभी विद्यार्थियों का जाति आवासीय आय एवम अन्य प्रमाण पत्र जो ब्ल०क एवम विद्यालय से बनाए जाते है ओ बिना परेशान और बिना दौड़े सही समय एवम उचित मूल्य में बने इसकी गारंटी हो इसके लिए सहयोग करे। आधार कार्ड में त्रुटि के सुधार सुलभ एवम उचित मूल्य एवम ससमय हो इसके लिए सहयोग करें। ये सभी काम के लिए बहुत सारे नियम कानून बने है और ये सारे काम सरकार द्वारा संचालित होती है एवम ये सारे काम जिस तरह बिना नमक के सब्जी नही बन सकता उसी तरह इन कामों के बिना इंसान नही रह सकता हर इंसान को इन कामों की ज़रूरत पड़ती है। चाहे ओ किसी भी क्षेत्र से आता हो। और यही वजह है की आदमी को इन कामों के लिए नियम कानून मूल्य समय सब तय किया गया है लेकिन इन सारे नियम कानून मूल्य समय को सरकारी कार्यालयों में ठेंगा दिखा कर मनमानी ढंग से मर्जी अनुरूप दाम वसूले जाते हैं मर्जी अनुरूप इंसान को दौड़ाया जाता है ।इन पर रोक लगे और त्वरित ढंग से कार्य संचालित हो इसकी गारंटी हो। नेताओं के भरोसे पदाधिकारियों के भरोसे या विद्यालय के काम काज को विद्यालय के भरोसे छोड़ने के कारण ये विद्यार्थियों एवम आमजनों के जिंदगी से मजे ले रहे हैं। ये काम काज अखबार की सुर्खियां या फिर एक अच्छी बात है सिर्फ ये बन कर न रह जाए बल्कि इन सारे चीज को जिस अनुरूप लागू कर क्रियान्वन किया जाना है उस अनुरूप कार्य हो। अन्यथा इसके लिए लोग लड़े न की वोट किसको देना है इसके लिए लड़े। हम सभी लोगों की लड़ाई किसी पार्टी विशेष से नही बल्कि इन सारे सिस्टम में सुधार हो इसके लिए हो। और जिस हद तक भी जाना पड़े इन चीचों की सुधार हेतु कोशिश और सिस्टम के साथ लड़ाई हो और सुधार हो इन सारे कामकाजों में ।हम सब पार्टी धर्म सबसे अलग हटकर सिर्फ इन मुद्दों में नियमानुसार कार्य हो इसके लिए लड़कर सुधार किया जाय।जरूरी नही की आप किसी संगठन का हिस्सा बन कर करें आप स्वतंत्र रूप में भी कर सकते हैं जरूरी नही आप आइसा संगठन में जुड़कर करें आप स्वतंत्र रूप से भी करें ।लेकिन आइसा आपको इस लिए क्योंकि ये आपकी लड़ाई में साथ खड़ा होगी आप कमजोर पड़ रहेंगे तब आइसा आपके साथ आपके लड़ाई में साथ नज़र आयेगी ।जब आपके आवाज दबाई जा रही होगी तब आइसा आपकी आवाज नही दबने देगी। दलित शोषितों कम. जोर वर्ग छात्र नौजवानों की आपके लड़ाई में आइसा आपके साथ होगी ।जब आप दलितों शोषितों छात्र नौजवानों की लड़ाई में लड़ रहें होंगे उनके हक और अधिकार के लिए और आपकी लड़ाई को दबाने की कोशिश किया जाएगा उस समय आइसा आपकी लड़ाई में साथ होगी इसलिए आपको आइसा संगठन का हिस्सा हो सकते हैं। लड़ाई आपकी हमारी हम सबकी अकेले भी स्वतंत्र रूप में भी हो सकती है लेकिन उसको मजबूत रूप में लड़ा जाय ऐसे परिस्थिति में आइसा आपके लिए हम सब के लिए अहम हो सकती है क्योंकि ये संगठन हम सब के विचारों से मेल खाता है। हम दूसरे संगठन से जुड़कर भी लड़ सकते हैं लेकिन तब बात आती है की कन्हीं आइसा के अलावा संगठन हीं तो नही जो हमे शोषित करने वालों के साथ हो तब हम कमजोर पड़ जायेंगे इसलिए हम सब के लिए आइसा संगठन हमारे विचारों से हमारे समाज से हमारे परिस्थियों से मेल खाता है और इस संगठन के साथ हम लड़ेंगे और शिक्षा, समाज ,सरकार के गलत नीतियों में सुधार करेंगे । सम्मेलन में मुख्य रूप से बिरनी आइसा से विशेष कुमार, विनोद तुरी,प्रकाश वर्मा, गोविंद वर्मा, हिरेंद्र रजक, इंद्रजीत कुमार रजक,राहुल दास, रंजीत पंडित, मन्नू शर्मा, सोनू कुमार वर्मा, चंदन दास,मनीष तिवारी, राहुल मोदी,कुंदन वर्मा, महेश साव,सचिन दास, इत्यादि सेकडो संख्या में लोग उपस्थित थें




## प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

अपेम लाइव
बिरनी /गिरिडीह
सब्बा अहमद





गिरीडीह जिला के प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले झारखण्ड राज्य सहायक अध्यापक नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलने की ख़ुशी में 20 जनवरी को गिरिडीह में सम्मान समारोह सह विजय जुलूस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलचन्द महतो और संच. ालन जिला प्रवक्ता सलाकत अंसारी ने किया । मुख्य अतिथि के रुप में संघ के प्रदेश प्रधान महासचिव सुमन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव राय और महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गीता राज मौजूद थे ।जिला महासचिव जमाल अंसारी ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि चुनाव के वक्त महागठ. बंधन की सरकार ने जो कहा उसे आज पूर्ण कर ये साबित कर दिया कि हेमन्त है तो हिम्मत है । प्रधान महासचिव ने कहा कि जिस प्रकार से गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू जी ने पहल कर नियमावली को लागू कराया उसे सात जन्मों तक भी भूला जा सकता है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव राय ने कहा कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी ने जो पारा शिक्षकों को वचन दिए थे उसे अमली जामा पहनाकर ये दिखा दिए कि झामुमों की सरकार जो कहती है उसे जमीन पर उतारने पर विश्वास करती है । जिला अध्यक्ष दिलचन्द महतो ने झारखंड के यसस्वी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी को झारखंड के समस्त 62 हजार पारा शिक्षकों की ओर से शुक्रिया अदा किया और कहा कि झारखंड के बेटा ने झारखंड की अस्मिता को समझा और झारखंड के मूलनिवासी को उसका हक देकर ये साबित किया कि झारखंड की सरकार जो कहती है उसे कर दिखाती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य कमिटी सदस्य मुख्तार जी जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अली जिला उपाध्यक्ष अरविंद जी हीरालाल हाजरा लखन सिंह बिरनी प्रखण्ड अध्यक्ष बिनोद यादव गांडेय प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मंडल डुमरी प्रखण्ड अध्यक्ष बिनोद महतो धनवार प्रखंड अध्यक्ष आशीष उज्ज्वल गिरीडीह के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष महाबीर टुनटुन रवानी मोहन पंडित अशोक वर्मा दुर्योधन दास मुन्ना जी केदारनाथ यादव भरतलाल यादव राजकुमार जी वह अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

APEM LIVE

## एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में 15 से 18 वर्ष के बच्चों को दिया गया कोरोना टीका

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


टीकाकरण कराते बच्चे

बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद के के निर्देश पर कोरोना महामारी की रोकथाम को लेकर बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा एस एस पब्लिक स्कूल चुरचू में 15 से 18 वर्ष के 82 बच्चों को कोरोना का टीका लगाया गया। बता दे कि प्रखंड एवं राज्य में दिन प्रतिदिन कोरोना महामारी का खतरा बढ़ता जा रहा है। तीसरी लहर में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के बीच कोरोना का टीका बड़े पैमाने पर टीका लगाने का सरकार के द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि बच्चे इस भयावह बीमारी से दूर रह सके। एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू के निदेशक दुलारचंद गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है तो वह है निजी विद्यालय। इसलिए सरकार को निजी विद्यालय के शिक्षकों को बेरोजगारी भत्ता मुहैया कराना चाहिए, और राज्य सरकार को जल्द से जल्द विद्यालयों को खोलने पर विचार करना चाहिए। विद्यालयों का बंद हुए अब 2 साल होने चला। विद्यालय बंद रहने से बच्चों का पठन-पाठन पूरी तरह से बाधित हुई है। दिन प्रतिदिन बच्चे अर्जित ज्ञान को धीरे धीरे खोते नजर आ रहे हैं। टीकाकरण को सफल बनाने में मुख्य रूप से निदेशक दुलारचंद गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी, संतोष नारायण तिवारी, रितेश कुमार ठाकुर, रंजन कुमार दास, एएनएम गायत्री देवी, सहिया और सहिया साथी के अलावा दर्जनों ग्रामीण अपना योगदान दिए।

## जीसस सचिव नकुल महतो ने खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट सामग्री का वितरण किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


क्रिकेट सामग्री वितरण करते नकुल महतो

बड़कागांव पंचायत अंतर्गत जीसस मिशनरी सोसायटी ऑफ कर्णपुरा के सचिव नकुल महतो के द्वारा महटीकरा गांव में खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए नकुल महतो ने कहा कि आप पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी कैरियर बनाया जा सकता है। पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद में भी विशेष ध्यान दें। ताकि आप आगे चलकर एक अच्छे खिलाड़ी बन सके और गांव शहर का नाम रोशन कर सकें। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से आशीष कुमार ,नितेश कुमार, राहुल कुमार ,जुगल किशोर, प्रकाश कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, अनुज कुमार, पप्पू कुमार, नरेश कुमार, रितेश कुमार, रितेश कुमार, मुकेश कुमार के अलावा कई खिलाड़ी शामिल थे।

## तुलबुल पंचायत में नौ योजनाओं को जिला की टीम ने किया जाँच

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



गुरुवार को राज्य के साथ जिले की एक टीम अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज़ अंसारी के नेतृत्व में तुलबुल पंचायत में 14वें वित्त से कराए गए नौ योजनाओं की जांच किया गया।टीम में आर ई ओ के कार्यपालक अभियंता शाहनवाज खान,बी डी ओ हुलास महतो,जिला परिषद के सहायक अभियंता आनंद पांडेय एवं कनीय अभियंता अनिल कुमार शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी श्री अंसारी ने कहा कि किसी ग्रामीण के द्वारा लोकायुक्त राँची में तुलबुल पंचायत में 14वें और 15वें वित्त के नौ योजनाओं का कार्य नहीं हुआ और निकासी कर लिया गया है।इसी शिकायत के आलोक में लोकायुक्त राँची के द्वारा उपायुक्त को ऊक्त योजना की जांच का निर्देश दिया गया था।जिसके बाद उपायुक्त अंजली यादव ने जिले से भी एक टीम का गठन किया गया और योजना स्थल पर जाकर कार्य हुआ है कि नहीं उसका जांच किया गया।जांच के क्रम में नौ में से छः योजनाओं का कार्य स्थल पर मिला जो कार्य पूर्ण किया गया है।वहीं तीन योजना जिसमे काम नहीं हुआ वैसे योजना में पूर्व में ही प्रखण्ड द्वारा रिकवरी किया गया था।कुल मिला कर कार्य हुआ और जिसमे काम नहीं हुआ उसमें अग्रिम किया राशि वापस सरकार को कर दिया गया।कन्द्री गांव में चबूतरा,मंझौलिया में पी सी सी एवं मंझौलिया में गार्ड वाल की राशि कार्य नहीं किये जाने से राशि वापस किया गया था।मौके पर पंचायत के मुखिया रामानुज भुइयाँ,बैजनाथ कुमार यादव,बासुदेव यादव,सहित दर्जनों लोग शामिल थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पारा शिक्षकों के सहायक अध्यापक का दर्जा मिलने पर खुशी का माहौल

### बांटी गई मिठाइयां, छोड़े गए पटाखे, परिजनों भी खुशी में हुए शामिल









**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

पारा शिक्षकों को सरकार द्वारा सहायक अध्यापक का दर्जा मिलने पर प्रखंड के पारा शिक्षकों में खुशी का माहौल है। पारा शिक्षक से सहायक अध्यापक बने शिक्षकों ने सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय को स्वर्णिम दिन बताया। सहायक अध्यापकों ने खुशी में लोगों के बीच मिठाइयां बांटी और पटाखे छोड़े। वहीं, सहायक अध्यापकों के परि. जनों ने भी इस खुशी का इजहार किया। इस निर्णय के लिए सहायक अध्यापकों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के प्रति आभार जताते हुए कहा कि झारखंड में कई सरकारें आई। सभी ने आश्वासन देने और पारा शिक्षकों को छलने का काम किया। हेमंत सोरेन की सरकार अपने वादे पर खरा उतरी और पारा शिक्षकों को वाजिब हक और अधिकार देने का काम किया। प्रतिक्रिया देते हुए उमवि बरहमोरिया के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि हमें जो सम्मान मिलना चाहिए था उसे हेमंत सोरेन की सरकार ने दिया। हम भी अपना फर्ज अदा कर सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष अनिता महतो ने कहा कि संगठन की ताकत से सबकुछ संभव है। मवि विष्णुगढ़ की शिक्षक प्रियंका कुमारी सिंह ने कहा कि खुशी तो हुई मगर संघर्ष अभी बाकी है। शिक्षक अनिता वर्णवाल ने कहा कि हमें यह उपहार मिलने में थोड़ी देर हुई। मुख्यमंत्री को धन्यवाद। मवि अचलजामो शिक्षक अरूण गोस्वामी ने शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री को इसके लिए धन्यवाद दिया है। वहीं, प्रावि महुआटांड के शिक्षक ने कहा कि मिट्टी के लोग मिट्टी के लोगों का दर्द जान सकते हैं। शिक्षक राजेश महतो ने कहा कि झारखंड की माटी की सुगंध को आज पहचान मिली।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय वार्डन कुमारी नूतन सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कक्षा छह से नामांकन लिया जाता है। इसमें सत्र 2022-23 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा छह में 50 योग्य छात्राओं का नामांकन लिया जाना है, जो अनाथ, एकल अभिभावक, असहाय, गरीब एवं दुर्गम उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में रहने वाली बा. लिकाएं जो पढ़ाई से वंचित रह रही हो। उन्होने अपील की है कि वैसे छात्राओं को चिन्हित कर विद्यालय द्वारा जारी विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्रधानाध्यापक से अनुमोदित कराकर विद्यालय में 10 फरवरी तक आवश्यक रूप से जमा करा दें।

## संपर्क फाउंडेशन ने पदमा के तीन विद्यालयो को किया चयन

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**



संपर्क फाउंडेशन झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के साथ विगत 2017 से कार्य कर रहा है। संपर्क फाउंडेशन का लक्ष्य यह है कि बच्चे को सीखने के स्तर मे सुधार लाया जाए। संपर्क फाउंडेशन इंग्लिश और गणित विषय मे प्राथ. मिक वर्ग के बच्चों के साथ काम कर रही है। वर्तमान मे राज्य के 8 जिलों में लगभग 12, 500 विद्यालय मे कार्यरत हैं। हज़ारीबाग मे संपर्क टीवी कार्यक्रम के तहत डिजिटल क्लासरूम विक. सित किया जा रहा है। इसके माध्यम से शिक्षकों को मल्टी ग्रेड कक्षा को पढ़ने मे सहायता मिलेगी। हज़ारीबाग मे 20 विद्यालय का चयन किया गया है जिसमें पदमा प्रखंड से मध्य विद्यालय गारूकुरहा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह, नव प्राथमिक विद्यालय टोंगरी शामिल है। टीवी उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को डिजिटल शिक्षा उपलब्ध कराना है।

## आपस मे दो ट्रक टकराए, ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरसोत के पास एक खड़ी ट्रक में एक दूसरी ट्रक पीछे से टक्कर मार दी। जिसके वजह से एक ट्रक का चालक ट्रक में दब गया। ट्रक चालक संतोष कुमार औरंगाबाद मे का रहने वाले हैं। तत्काल उसे पुलिस के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया गया। प्राथ. मिक उपचार के बाद हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया

APEM LIVE

## चौपारण में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का मुखिया शौकत खान ने किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड खेल मैदान चौपारण में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का ताजपुर मुखिया शौकत खान ने किया शुभारंभ। उदघाटन मुकाबला पडरिया बनाम महुवाबाद व दूसरा मुकाबला सीएससीए चौपारण बनाम डुमरी के बीच खेला गया जिमसें पडरिया व सीएससीए ने अपने अपने मुकाबला जीत अगले दौर में प्रवेश किया। आयोजको ने बताया कि इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गणतंत्रता दिवस के अवसर पर खेला जाएगा। कहा प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर मुखिया ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानशिक विकास होता है। कहा खिलाड़ियो को भाईच. ारगी व आपसी दोस्ताना माहौल में खेलने का आग्रह किया। मौके पर सीएससीए के सक्रिय सदस्य मनीष सिन्हा, राक. ेश कुमार अजय यादव, राजा कुमार, गोलू कुमार, सहित अन्य

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers,
Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance
&
Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD
BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard General Insurance
TATA AIG Insurance
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
Future Generali Total Insurance Solutions
digit
care Health Insurance Health b Guarantee
Royal Sundaram General Insurance
Oriental Insurance
New India Assurance
Chola MS General Insurance
सुविधा उपलब्धः-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy